Title: Need to ensure that people who have been allotted bungalows in Cantonment Board areas particularly in Ambala Cantonment are not evicted.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला) : उपाध्यक्ष महोदय, देश के विभिन्न भागों में स्थित कैन्टोनमेंट बोर्ड एरिया में सैंकड़ें वर्ा पहले कुछ लोगों को बंगले दिये गये थे। कैन्टोनमेंट बोर्ड एरिया की आबादी बढ़ने के कारण काफी स्थानों पर ये बंगले सिविल एरिया में आ गये हैं। अब इन बंगला मालिकों को बंगला खाली करने के आदेश आ रहे हैं। नोटिस में खाली कराने की वजह सुरक्षा व सैनिकों के लिये नये मकान बनाकर देना आदि है। मैं चाहूंगा कि जब तक अन्य सभी विकल्प बंद न हो जायें, इन्हें बेदखल न किया जाये।

मैं मान्यवर मंत्री महोदय से इस विाय पर वक्तव्य देने का अनुरोध करूंगा क्योंकि मेरे लोक सभा क्षेत्र अम्बाला में स्थित अम्बाला कैन्ट के बंगला मालिकों में इस विाय को लेकर भय का वातावरण बना हुआ है।